एक नजर में

हठयोग से निरोग हो रहा विश्व : डॉ. पटेल

उज्जैन। योग आत्म जागरण की साधना है। नई पीढ़ी के योग व परंपराओं से जुड़ने पर ही आत्मनिर्भर और आत्म जाग्रत राष्ट्र बनेगा। भारत के हठयोग के कारण विश्व निरोग बन रहा है। योग के माध्यम से शांति एवं आनंद का वातावरण निर्मित किया जा सकता है। योग 90 प्रतिशत अभ्यास और 10 प्रतिशत सिद्धांत है। यह विचार योग मार्गदर्शक एवं मेडिटेशन योगाचार्य डॉ. रघुवीर पटेल ने व्यक्त किए। वे ब्रह्म योग फिट द्वारा गऊघाट जंतर मंतर पर आयोजित विशेष ध्यान सत्र शिविर में योग साधकों को संबोधित कर रहे थे। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण शिप्रा के तट गऊघाट पर आयोजित इस मेडिटेशन शिविर में योग एक्सपर्ट प्रीति बम्बोड़ी ने विभिन्न प्रकार के योग का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि योग खुद से सच्ची मुलाकात का जरिया है। यह शरीर को जाग्रत करता है और ऊर्जा से लबरेज रखता है। इस अवसर पर योगाचार्य डॉ रघुवीर पटेल का शॉल, श्रीफल, दुपट्टा, माला एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर विशेष अभिनंदन किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रीति संजय बम्बोड़ी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक त्रिपाठी और मंजू यादव ने किया। आभार प्रदर्शन रचना परमार ने किया। संपूर्ण आयोजन के सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास थे।

डॉ. राजरत्न आंबेडकर का किया सम्मान

उज्जैन। शिक्षा के अग्रदूत और सामाजिक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती पर भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में आयोजित समारोह में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रपौत्र एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजरत्न आंबेडकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन से समाज का मार्गदर्शन किया। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ एवं वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा डॉ. राजरत्न आंबेडकर का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुकेश रायकवार ने बताया कि इस गरिमामय अवसर पर दशरथ सीहोते, विष्णु प्रसाद गोसर, हेमराज घावरी, रवि सीहोते, दिनेश लावरे, रायसिंग सोलंकी, सुनील खत्री, रवि चौहान, भैरूलाल मालवीय, श्रीमती भारती झांजोट और मदन लाल चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण और बुद्ध वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ टॉवर चौक पहुंचा। यहां विश्वरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर और संत बालिनाथ जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जुलूस के बाद शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में मुख्य समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कई सामाजिक संगठनों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा के संभाग प्रभारी धर्मेंद्र सोलंकी ने की।

आंबेडकर जयंती समारोह और जनसभा कल

उज्जैन। बहुजन समाज पार्टी द्वारा झोन स्तरीय उज्जैन-इन्दौर-भोपाल के द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर विशाल जयंती समारोह जनसभा का आयोजन टॉवर चौक भैरू महाराज के सामने उज्जैन पर 14 अप्रैल को समय 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है। उक्त विशाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जियालाल अहिरवार एवं विशिष्ट अतिथि शंकरलाल जाटवा, मनोज रजक, कमलेश दोहरे सागर रहेंगे एवं विशेष अतिथि के रूप में रामचन्द्र अहिरवार, आरएस कमाण्डर, ब्रजेश कन्नौजी, धीरेन्द्र निराला, डॉ.रावण वर्मा, राजेन्द्र सूर्यवंशी, बालकृष्ण बाविस्कर, विश्रामसिंह बौद्ध, मुन्नालाल तेजी, दिलीप प्रसाद, अयुब अली, आरकेवर्मा उज्जैन रहेंगे। आयोजित विशाल जयंती समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाशचन्द्र राठौर करेंगे। कार्यक्रम पश्चात् भोजन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी कैलाशचन्द्र राठौर ने दी।

सांदीपनि आश्रम के समीप आज से गूंजेगी कथा

उज्जैन। स्व. पं. रघुनंदन जोशी की पुण्य स्मृति में शहर में तीन दिवसीय श्री भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन 13 से 15 अप्रैल तक महर्षि सांदीपनि आश्रम के सामने स्थित स्वामी रामानंद आश्रम में संपन्न होगा। कथा का समय प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। कथा के वक्ता जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्रमलूकपीठाधीश्वर स्वामी, राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज के शिष्य श्री हनुमान बाबा बरसाना वाले होंगे। आयोजक मंडल ने शहर के सभी धर्मप्रेमियों से इस आध्यात्मिक आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। श्री भक्तमाल कथा संत नाभादास द्वारा रचित एक पवित्र ग्रंथ है। इसमें चारों युगों के भगवान विष्णु और राम के अनन्य भक्तों जैसे ध्रुव, प्रहलाद, मीरा, कबीर और तुलसीदास की दिव्य जीवन-कथाओं तथा उनके समर्पण का विस्तृत वर्णन है। यह कथा भक्तों की भक्ति के 64 अंगों, त्याग और प्रेम का बखान करती है, जो मनुष्य को सीधे भगवान से जुड़ने का मार्ग दिखाती है।

आशा ताई को उज्जैनवासियों ने दी श्रद्धांजलि

उज्जैन। मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोंसले के निधन पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और संगीत प्रेमियों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। इस मौके पर मिलिंद पन्हालकर एवं उनकी पत्नी कुंदा पन्हालकर ने आशा ताई से जुड़ी अपनी पुरानी यादें साझा कीं। मिलिंद पन्हालकर ने बताया कि वर्ष 1989 में पार्श्व गायन के लिए आशा भोंसले को इंदौर में राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से नवाजा गया था। उस दौरान उन्होंने आशा ताई से विशेष मुलाकात कर उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई दी थी। साथ ही, सम्मान समारोह की प्रकाशित पुस्तिका पर उनका ऑटोग्राफ भी लिया था, जो आज भी उनके पास सहेजा हुआ है। पन्हालकर ने बताया कि उज्जैन ही नहीं, बल्कि देवास और इंदौर जैसे आसपास के शहरों में भी जब कभी लता, आशा, उषा या भाई हृदयनाथ मंगेशकर के कार्यक्रम हुए, वे हमेशा श्रोता के रूप में वहां उपस्थित रहे। वर्ष 1984 में प्रारंभ हुए लता मंगेशकर सम्मान समारोह में वे प्रतिवर्ष शामिल होते हैं। इस आयोजन में जिस भी कलाकार को सम्मान मिलता है, पन्हालकर उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर तस्वीर खिंचवाते हैं और सम्मान पुस्तिका पर उनके ऑटोग्राफ लेते हैं।

118 किमी की तप-यात्रा में आस्था का सैलाब

उज्जैन। धर्म, संस्कृति और आध्यात्म का अद्भुत संगम बनी 118 किलोमीटर की पंचक्रोशी यात्रा का शुभारंभ होते ही पूरा उज्जैन अंचल भक्ति और सेवा भाव से सराबोर हो गया। सिर पर गठरी, नंगे पैर, तपती धूप और मन में अटूट आस्था लिए हजारों श्रद्धालु इस कठिन यात्रा पर निकले हैं। यह यात्रा केवल परंपरा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, पुण्य लाभ और भगवान महाकाल की कृपा प्राप्ति का जीवंत माध्यम मानी जाती है।

पंचक्रोशी यात्रा का प्रत्येक पड़ाव श्रद्धा, संयम और सेवा का संदेश देता है। जीवन के वास्तविक सुख को भौतिक साधनों में नहीं, बल्कि भक्ति, सत्कर्म और समर्पण में देखने की प्रेरणा यह यात्रा देती है। प्राचीन काल से चली आ रही यह परंपरा आज भी उतनी ही जीवंत है, जहां ग्रामीण अंचलों से आने वाले श्रद्धालु कठिन परिस्थितियों में भी अपनी आस्था को सर्वोपरि रखते हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं के तहत आयुष विभाग द्वारा करोहन में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में रक्तचाप, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच कर आवश्यक आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। आयुर्वेद के 'दैवव्यपाश्रय चिकित्सा' सिद्धांत के अनुसार जप, तप और तीर्थ यात्रा को स्वास्थ्य और पुण्य से जोड़ा गया, जिससे यह यात्रा शारीरिक और आध्यात्मिक दोनों रूपों में लाभकारी सिद्ध हो रही है।

महापौर टटवाल भी साथियों संग दिया स्वच्छता का संदेश

यात्रा के शुभारंभ पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। महापौर मुकेश टटवाल, पार्षदगण ने नागचंद्रेश्वर मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन कर यात्रा प्रारंभ की, और श्रद्धालुओं के साथ पैदल चलकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कपड़े के थैले वितरित कर पॉलीथिन के उपयोग से बचने की अपील की गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी यात्रा के साथ जुड़ गया। कुल मिलाकर धार्मिक आस्था और मानवीय सेवा का विराट रूप देखने को मिल रहा है। यह यात्रा न केवल श्रद्धालुओं के लिए पुण्य अर्जन का अवसर है, बल्कि समाज को जोड़ने, सेवा भाव जगाने और भारतीय संस्कृति को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने का भी माध्यम बन गई है।

महाकाल की ओर से अन्नदान

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा प्रमुख पड़ाव करोहन स्थित श्री कायावहरणेश्वर महादेव मंदिर पर निःशुल्क भोजन प्रसादी वितरण के लिए विशेष स्टॉल स्थापित किया गया है। यहां स्वच्छ, शुद्ध भोजन के साथ पेयजल, बैठने और विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बता दें कि पंचक्रोशी यात्रियों के लिए तो शहर की अनेक संस्थाएं सेवा कर रही है।

जनदर्शन यात्रा में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के उपयोग पर जोर

उज्जैन। समस्त प्राणियों के कर्म का लेखा-जोखा रखने वाले धर्मराज चित्रगुप्त भगवान के प्रकट उत्सव वैशाख शुक्ल गंगा सप्तमी के अवसर पर कायस्थ समाज बड़ी धूमधाम से मनाएगा।

इस बार 9 वें वर्ष भी भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस पर चित्रगुप्त दर्शन यात्रा 23 अप्रैल को किया जाएगा। यात्रा शाम 5 बजे ग्रांड होटल फ्रीगंज से प्रारंभ होगी जो श्री चित्रगुप्त घाट पर समाप्त होगी। जहां मां शिप्रा की महाआरती के पश्चात कुटुंब रसोई का भी आयोजन होगा। उज्जैन कायस्थ समाज अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि आराध्य भगवान का प्राकट्य दिवस 23 को मनाया जाएगा। समाज की बैठक में निर्णय लिया कि इस बार प्रतिमाओं के फोटो को रथ में विराजित किया जाए। साथ ही यात्रा में सम्मिलित होने वाले लोगों से अपील की गई है कि ऊर्जा बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रानिक वाहनों को लेकर आए ताकि देश में ऊर्जा आंदोलन खड़ा किया जा सके। मोतीलाल श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, रजनी कुलश्रेष्ठ, जितेंद्र श्रीवास्तव, वर्षा श्रीवास्तव आदि द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

घायल छात्र बोला... नकाबपोशों ने मारी गोली

▶ शनिवार और रविवार की रात का मामला ढांचा भवन में हुआ

उज्जैन। ढांचा भवन में रहने वाला छात्र घायल हालत में शनिवार-रविवार रात को थाने पहुंचा उसके पैर में गोली लगी थी। उसने बताया कि दो नकाबपोशों ने मारी है एक्टिवा से आए थे, घायल को अस्पताल पहुंचा कर जांच शुरू की।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि रात में ढांचा भवन में रहने वाला अतीक पिता विपिन माहुरकर घायल हालत में थाने आया था। उसने काली एक्टिवा पर सवार होकर आए दो नकाबपोश बदमाशों द्वारा गोली मारने की बात कही। मामले में प्रकरण दर्ज किया गया। घायल कक्षा 12वीं का छात्र है। रात को घर लौटते समय उसे क्षेत्र के ही मंदिर के समीप रोककर बदमाशों ने गोली मारी है। घायल ने शंका जताई कि उसे पर गोली चलाने वालों में आला बाथम शामिल था जिससे एक माह पहले विवाद हुआ था। पुलिस का मानना है कि मामला दो गुटों के बीच चल रहे विवाद का है।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी

घायल कुख्यात गैंग के बदमाशों से जुड़ा हुआ, छात्र जिस तरीके से घायल हुआ है वह पूरी तरह से संदिग्ध लग रहा है। घटनास्थल पर भी इस तरह गोली चलने की पुष्टि नहीं हो पाई है। लेकिन वहां खून जरूर मिला है, जिस पर हमले का आरोप लगाया जा रहा है वह भी शहर में कई दिनों से मौजूद नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में लगी है।

गिरफ्त में बालिका से दुराचार करने वाला

उज्जैन। रात में टायलेट के लिए बहार बनी बाथरूम में आई बालिका को मुंह दबाकर जबरदस्ती अपने साथ खेत में ले जाकर दुराचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बालिका की शिकायत पर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था।

इंगोरिया थाना क्षेत्र की रहने वाली बालिका ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में 11 बजे के लगभग वह टायलेट के लिये बाहर बनी बाथरूम में आई थी। उसी दौरान पंकज बैरागी ने उसका मुंह दबाया और जबरदस्ती खेत में ले जाकर गलत काम किया। पंकज ने धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देगा।

48 घंटे की तलाश के बाद धराया आरोपी

थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने मामला गंभीर होने पर तत्काल बालिका की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 65 (2), 351 (3) बीएनएस के साथ 1/4 पास्को एक्ट और एसटीएसटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एएसआई कनीराम डिंडोर, दिनेश डोडियार, चैनसिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक अशोक कटारा, आरक्षक रामचंद्र चौहान की टीम बनाई। 48 घंटे की तलाश के बाद शुक्रवार रात आरोपी पंकज पिता मुरलीदास बैरागी निवासी ग्राम सुवासा को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

केंद्र सरकार का संयुक्त सचिव बनकर भस्मार्ती का प्रयास

▶ प्रशासन को गुमराह कर सर्किट हाउस में बुक कराए थे कमरे

उज्जैन। केंद्र सरकार का संयुक्त सचिव बनाकर भस्मार्ती का प्रयास करने वाले फर्जी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फर्जी सचिव ने प्रशासन को गुमराह करते हुए सर्किट हाउस में कमरा भी बुक करा लिए थे।

दिल्ली के द्वारकापुरी से अतुल कुमार नामक व्यक्ति परिवार के साथ उज्जैन पहुंचा था। उसके द्वारा प्रशासन को गुमराह किया गया और सर्किट हाउस में दो कमरे बुक करने की बात कही, यही नहीं महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के लिए विशेष व्यवस्था की मांग करते हुए खुद को केंद्र सरकार के एविएशन मंत्रालय का संयुक्त सचिव होना बताया। उसके द्वारा महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारी प्रथम कौशिक को भी कॉल किया गया। अतुल कुमार महाकाल मंदिर समिति के अधिकारी और प्रशासन को बरगलाने में सफल रहा। लेकिन जब शनिवार शाम को सर्किट हाउस पहुंचा तो वहां के कर्मचारियों द्वारा पहचान पत्र दिखाने की बात कही गई। अतुल कुमार ने सर्किट हाउस स्टाफ को बरगलाने का प्रयास किया लेकिन उस पर संदेह हो गया। मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई और केंद्र सरकार के मंत्रालय से संपर्क किया गया। इस दौरान सामने आया कि इस नाम का कोई व्यक्ति मंत्रालय में पदस्थ नहीं है। महाकाल थाना पुलिस ने फर्जी तरीके से महाकालेश्वर मंदिर में भस्मार्ती की अनुमति प्राप्त कर विशेष व्यवस्था की मांग करने वाले अतुल कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। जिससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि वह एयरपोर्ट पर ड्यूटी मैनेजर के रूप में काम करता है। फिलहाल पूछताछ जारी है।

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के नाम से भी भेजा पत्र

मामले की पुष्टि होते ही आरोपी को देर रात महाकाल थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार के नाम से भी पत्र भेजने की बात स्वीकार की है। उसने अपने परिवार में आईएएस अधिकारी होने का हवाला देकर भी प्रभाव बनाने की कोशिश की थी। मंदिर के सुरक्षा प्रभारी जयंत राठौर के अनुसार, आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उसके साथ मौजूद लोगों की इस फर्जीवाड़े में क्या भूमिका रही है।

सिंधी समाज ने की 25 हजार पंचक्रोशी यात्रियों की सेवा

उज्जैन। पंचक्रोशी यात्रा के अवसर पर सकल सिंधी समाज द्वारा धर्मप्रेमी जनता और श्रद्धालुओं के लिए व्यापक स्तर पर सेवा कार्य किए गए। न्यू सेंट पॉल स्कूल के सामने उंडासा पंचक्रोशी मार्ग पर विशाल पंडाल लगाकर 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की सेवा की गई।

संयोजक महेश परियानी के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि नारायण यादव, विशेष अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नरेश शर्मा, पारस जैन एवं भाजपा महामंत्री आनंद खिची तथा सभी समाज अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन प्रसादी, छाछ, चाय और रुद्राक्ष मालाओं का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्रताप रोहरा, दौलत खेमचंदानी, महेश गंगवानी, गोपाल बलवानी, दीपक बेलानी, डॉ जितेंद्र जेठवानी, ललित लुल्ला, नरेश धनवानी, लोकेश आडवाणी, कपिल बासनी, विक्रम भीमवानी, गोपाल रोचवानी, अशोक राजवानी, महेश चंदवानी, जेठानंद जयसिंघानी, जवाहर कोटवानी, मुकेश तोलानी, दीपक पमनानी और अजय रोहरा सहित समाजजनों का विशेष सहयोग रहा।

बुजुर्गों के दबाए पैर, डॉक्टर ने दी सेवाएं

सकल सिंधी समाज के कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव की अनूठी मिसाल पेश करते हुए थके हुए बुजुर्ग यात्रियों के हाथ-पैर दबाकर उन्हें आराम पहुंचाया। श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक आनंद के लिए भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। यात्रियों की स्वास्थ्य व्यवस्था देखने के लिए डॉ. जितेंद्र जेठवानी ने पंडाल में विशेष क्लीनिक स्थापित कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की।

पुराने विवाद को लेकर नीलगंगा क्षेत्र में दो भाइयों पर चाकू से हमला

▶ मामा भांजे की दरगाह के पास हुआ था विवाद, घायलों ने दिए बयान

उज्जैन। मामा भांजे की दरगाह के पास रात में दो भाइयों पर क्षेत्र में ही रहने वाले बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के मामा भांजे की दरगाह के पास रहने वाले आकाश पिता नंदकिशोर प्रजापत और उसके बड़े भाई अनिल प्रजापत को रात में उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया था। दोनों भाइयों पर चाकू से हमला हुआ था। चाकूबाजी की खबर लगते ही रात में पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल भाइयों के बयान दर्ज किए गए। घायल आकाश ने बताया कि क्षेत्र में ही रहने वाला विक्की उर्फ कालू तोमर उसकी पनी को मोबाइल पर कॉल करता है। रात में उसे समझाने का प्रयास किया तो उसने अपने साथी महेश बत्ती के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। हमला करने वाले विक्की की तलाश रही है। मामला पुराने विवाद का है।

प्रस्तावों पर लगी मुहर ▶ कार्यपरिषद ने मास्टरस्ट्रोक चलाकर खोला नियुक्तियों की राह, पदों के युक्तियुक्तकरण को मिली हरी झंडी

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में स्थाई शिक्षक भर्ती का रास्ता साफ

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। विश्वविद्यालय की विभिन्न नवीन अध्ययनशालाओं में वर्षों से प्रतीक्षित शिक्षकों के स्थाई पदों की पूर्ति का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है।

यह उपलब्धि कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज और कार्यपरिषद सदस्य डॉ. राजेश सिंह कुशवाह के विशेष प्रयासों से संभव हुई है, जिनके द्वारा प्रस्तुत युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को कार्यपरिषद की आपात बैठक में सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। विश्वविद्यालय, में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया गया है। विश्वविद्यालय की नवीन अध्ययनशालाओं में जल्द ही शिक्षकों के स्थाई पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह निर्णय कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यपरिषद की महत्वपूर्ण आपात बैठक में लिया गया। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत कई नए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत की है। इन नवीन विषयों में शिक्षकों की स्थाई कमी को दूर करने के लिए विश्वविद्यालय ने एक व्यावहारिक समाधान निकाला है जिसके अंतर्गत युक्तियुक्तकरण करके विश्वविद्यालय के वर्तमान शिक्षक पदों की पुनर्संरचना कर उन्हें नवीन व्यवस्थित किया जा रहा है। डॉ. शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में अनेक नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिसमें देशभर से विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया।

भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा

बैठक में कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के साथ कार्यपरिषद सदस्य डॉ. राजेश सिंह कुशवाह, रूपचन्द पमनानी, वरुण गुप्ता, डॉ. मंजूषा मिमरोट और डॉ. संजय वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस संबंध मे कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज का कहना है कि विश्वविद्यालय में नवीन विषयों के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह जबरदस्त है। जो संस्थान के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

अनुभवों की सहज अभिव्यक्ति है मोनीषा की पुस्तकों में

▶ मोनीषा छाबड़ा की तीन अनुदित पुस्तकों का विमोचन

उज्जैन। कालिदास अकादमी में रविवार को आस्था समाज रचना सेवा अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में 85 वर्षीय लेखिका मोनीषा छाबड़ा द्वारा गुजराती से हिंदी में अनुदित तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया।

प्रकाशित पुस्तकों में जादूगर महमद छैल, न्याय प्रधानमंत्री महान और देवदास अनुभव प्रकाश शामिल हैं। मुख्य अतिथि डॉ. उमा वाजपेयी ने कहा कि मोनीषा छाबड़ा को साहित्य और संस्कृति विरासत में मिली है। उन्होंने गुजराती से हिंदी अनुवाद में भावनाओं व अनुभवों की सहज अभिव्यक्ति की है। अध्यक्षता डॉ. शिव चौरसिया ने की। किशोरी रमन टंडन से साहित्यिक संस्कार और पति डॉ. मुल्क राज छाबड़ा से जीवटता की सीख ली है। संचालन डॉ. पंखुरी वक्त ने किया तथा आभार डॉ. जफर महमूद ने माना।

पुस्तक विमोचन में ये रहे अतिथि

आयोजन में डॉ. अरुण वर्मा, डॉ. पुष्पा चौरसिया, डॉ. राकेश ढंड, सीए अनुभव प्रधान, साहित्यकार राजेश सक्सेना, डॉ. पंकजा सोनवलकर, कृष्णा वर्मा, दर्शना, कामिनी जुनेजा, मधुर सहगल, अखिलेश चोरे और डॉ. अभिलाषा शर्मा सहित नगर के अनेक साहित्यकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।